Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय – 04 | सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला

## QUIZ-02

1. **कवि के अनुसार किसकी आभा तन से हट नहीं रही है?**
   A. ग्रीष्म ऋतु की  B. वर्षा ऋतु की
   C. फाल्गुन मास की  D. शरद ऋतु की  (C)

***व्याख्या :*** कविता में कवि ने फाल्गुन मास की आभा का वर्णन किया है, जो तन-मन से हट नहीं रही है।

2. **'घर-घर और पर-पर' में कौन-सा अलंकार है?**
   A. मानवीकरण  B. श्लेष
   C. यमक
   D. पुनरुक्ति प्रकाश  (D)

***व्याख्या :*** यहाँ शब्दों की पुनरावृत्ति होने से पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार का प्रयोग हुआ है।

3. **कथन (A): कवि का पंछी रूपी मन आकाश में उड़ना चाहता है।**
   **कारण (R): फाल्गुन में चारों ओर हरियाली छाई रहती है।**
   A. कथन (A) गलत है, पर कारण (R) सही है
   B. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है
   C. कथन (A) सही है, पर कारण (R) सही व्याख्या नहीं है
   D. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं  (B)

***व्याख्या :*** कवि का मन आकाश में उड़ना चाहता है और इसका कारण फाल्गुन की हरियाली है।

4. **"कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देते हो" पंक्ति का क्या आशय है?**
   A. बादलों का साँस लेना
   B. कवि फाल्गुन की हरियाली को महसूस करता है
   C. पेड़ों पर नए पत्ते आए हैं
   D. फाल्गुन की हवा वातावरण को सुगंधित कर देती है  (D)

***व्याख्या :*** इस पंक्ति का आशय है कि फाल्गुन की हवा वातावरण को सुगंधित कर सबको प्रभावित करती है।

5. **फाल्गुन मास का पेड़-पौधों पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
   A. पेड़-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं
   B. रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं
   C. चारों ओर प्रकृति का सौंदर्य छा जाता है
   D. उपर्युक्त सभी  (D)

***व्याख्या :*** फाल्गुन मास में पेड़-पौधों पर हरियाली, फूल और सौंदर्य का चरम रूप दिखाई देता है।

6. **कविता में फाल्गुन मास की कौन-सी विशेषताएँ अंकित हुई हैं?**
   A. हरियाली, खेतों की शोभा
   B. फूल-पत्तों से लदी डालियाँ
   C. सुगंधित हवा
   D. उपर्युक्त सभी  (D)

***व्याख्या :*** कविता में फाल्गुन की हरियाली, फूल-पत्तों और सुगंधित हवा का सुंदर चित्रण हुआ है।

7. **"पत्तों से लदी डाल कहीं हरी, कहीं लाल" से क्या व्यक्त होता है?**
   A. पतझड़ का दृश्य  B. ग्रीष्म ऋतु का दृश्य
   C. प्रकृति का विविध रूप
   D. वर्षा ऋतु का दृश्य  (C)

***व्याख्या :*** इन पंक्तियों में प्रकृति की विविधता और रंग-बिरंगे स्वरूप का चित्रण है।

8. **फाल्गुन मास के संदर्भ में कौन-सा कथन सही नहीं है?**
   A. न अधिक सर्दी, न अधिक गर्मी
   B. आकाश में घने बादलों का न होना
   C. बसंत ऋतु के आने का समय न होना
   D. चारों ओर हरियाली छाना  (C)

***व्याख्या :*** फाल्गुन मास बसंत ऋतु के आने का समय होता है, अतः यह कथन गलत है।

9. **"आभा फागुन की तन सट नहीं रही है" का अर्थ क्या है?**
   A. फाल्गुन की शोभा तन-मन में बस गई है
   B. फाल्गुन ऋतु का असर जल्दी समाप्त हो जाता है
   C. फाल्गुन ऋतु दुखद है
   D. फाल्गुन केवल पेड़ों में सीमित है  (A)

***व्याख्या :*** इसका भाव है कि फाल्गुन की छटा तन-मन से उतर ही नहीं रही है।

10. **इस कविता से क्या शिक्षा मिलती है?**
    A. ऋतुओं का कोई महत्व नहीं है
    B. फाल्गुन मास की शोभा जीवन को उल्लास देती है
    C. ऋतु परिवर्तन केवल कष्टकारी है
    D. प्रकृति का सौंदर्य अस्थायी होता है  (B)

***व्याख्या :*** यह कविता सिखाती है कि फाल्गुन मास का सौंदर्य जीवन में आनंद और उत्साह का संचार करता है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App